# पालक के रूप में आपके अधिकार

IDEA 2004

Gwinnett County Public Schools

## विशेष शिक्षा और मनोवैज्ञानिक सेवाएँ

Dr. Nicole White

कार्यकारी निदेशक

अगस्त 2024

पेरेंट मेंटर्स (पालक सलाहकार)

GCPS **पालक सलाहकार** Gwinnett County School District **में अनुभवी अधिकारी सभासद हैं। पालक सलाहकार विकलांग छात्रों के लिए अधिक से अधिक सफलता और बेहतर परिणाम के प्रयास में पालकों, प्रशासकों, शिक्षकों और समुदाय के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने का कार्य करते हैं। पालक सलाहकार यहाँ परिवारों को समाधान खोजने में मदद करने और उनके बच्चों के स्कूल के साथ सहयोग करना सिखाते हैं जिससे की सकारात्मक परिणामों को बढ़ावा मिल सके। पालक सलाहकार किसी विकलांग बच्चे के माता-पिता होते हैं परिवारों द्वारा सामना की जा रही परिस्थितियों को समझते हैं। पालक सलाहकार कार्यक्रम या विशेष शिक्षा से संबंधित प्रश्नों की जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

Dawn Albanese, **पालक सलाहकार**
Dawn_Albanese@gwinnett.k12.ga.us
678-301-7212

Gwinnett **की जॉर्जिया पालक सलाहकार भागीदारी** (GaPMP) **के साथ भागीदारी है।** (GaPMP) **का उद्देश्य परिवारों, शिक्षाविदों और समुदायों के बीच संपर्क और सहयोग को बढ़ाना है जिससे अंततः विकलांग विद्यार्थियों के लिए अधिक सफलता प्राप्त की जा सके और परिवार जुड़ाव को बढ़ाया जा सके।**

**<u>माता-पिता टूलकिट (पैरेंट टूलकिट)</u>**

विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के परिवारों के लिए अतिरिक्त संसाधन “माता-पिता टूलकिट” है। नीचे टूलकिट तक पहुँच प्राप्त करने के लिए QR कोड दिया गया है।




Scan this QR code to access the toolkit electronically:

Skenirajte ovaj QR kod da elektronski pristupite priručniku:

扫描此二维码，获取电子版工具包：

이 QR 코드를 스캔하여 툴킷에 전자적으로 접속하세요.

Escanee este código QR para acceder a esta guía de manera electrónica:

Scan mã QR này để truy cập bộ công cụ trợ giúp qua mạng trực tuyến:

## पालक के रूप में आपके अधिकार - विशेष शिक्षा से संबंधित

विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम, 34 C.F.R.§ 300 *et seq* (IDEA), विकलांग छात्रों की शिक्षा से संबंधित संघीय कानून, IDEA और U.S. शिक्षा विभाग नियमों के तहत उपलब्ध सुरक्षा कार्यप्रणाली उपायों के पूर्ण स्पष्टीकरण के साथ विकलांग बच्चों के माता-पिता को प्रदान करना स्कूलों के लिए अति आवश्यक (अनिवार्य) है।

### इस अधिवेशन में प्रयुक्त शब्द

"स्थानीय शैक्षणिक संस्था (LEA)," "सार्वजनिक संस्था," "संस्था," "स्थानीय व्यवस्था," या "व्यवस्था" सार्वजनिक गैर-लाभकारी संविधान स्कूलों सहित,
योग्य बच्चों को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए जॉर्जिया राज्य द्वारा नियुक्त शिक्षण व्यवस्था को सूचित करते हैं।

शब्द "पालक" का अर्थ पालक की उसी व्यापक परिभाषा से आता है जो IDEA में पाई जाती है, जैविक या दत्तक पालक को समाविष्ट करते हुए, सहायक पालक, ऐसा अभिभावक जो बच्चे के लिए शैक्षणिक निर्णय लेने हेतु अधिकृत हो, जैविक या दत्तक पालक का कर्तव्य निभाने में सक्षम हो (दादा-दादी, सौतेले, या अन्य रिश्तेदार हो सकते हैं)

जिनके साथ बच्चा रहता हो, ऐसा व्यक्ति जो बच्चे की सलामती के लिए कानूनी जिम्मेदारी उठा सके, या अन्य नियुक्त किया हुआ स्थानापन्न व्यक्ति भी हो सकता है। (34 C.F.R.। 300.30]

इस सूचना पत्र की एक प्रति पालक को स्कूल वर्ष में केवल एक बार दी जानी चाहिए, इसके सिवाय कि एक प्रति माता-पिता को भी दी जानी चाहिए: (1) मूल्यांकन के लिए प्रारंभिक निर्देश या पालक के अनुरोध पर यह निर्धारित करने के लिए कि क्या छात्र एक विकलांग छात्र है; (2) छात्र की स्कूल प्रणाली से संबंधित पहली लिखित औपचारिक शिकायत मिलने पर; (3) स्कूल वर्ष में छात्र की स्कूल प्रणाली से संबंधित प्रथम नियत शिकायत प्रक्रिया प्राप्त होने पर (4) जब अनुशासन संबंधी कार्रवाई करने के लिए स्थान-परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लिया जाता है; (5) किसी छात्र या पालक के सार्वजनिक लाभ या बीमा देखने से पहले; तथा (6) पालक के अनुरोध पर। [34 C.F.R. § 300.504(a)]

ऐसे बच्चे के पालक के रूप में जो विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए संदर्भित है या जो पहले से ही विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्राप्त कर रहा है, आपके और आपके बच्चे के कुछ अधिकार होते हैं जो राज्य और/या संयुक्त व्यवस्था विधान द्वारा संरक्षित हैं।

**जानकारी की गोपनीयता:**

आपके बच्चे के विकलांग होने एवं IDEA के तहत योग्य होने की जानकारी, उसकी विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ, और अन्य व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी गोपनीय रखी जाती है और व्यवस्था के भीतर अन्य लोगों को अत्यावश्यक परिस्थितियों के अलावा नहीं बताई जाती है जब तक कि उन्हें जानने का कोई उचित कारण नहीं हो और न ही अन्य एजेंसियों या समूहों को जारी की जाती हैं।

गोपनीय जानकारी कब जारी की जा सकती हैं, उसके विषय में आपके पास निम्न अधिकार हैं:

1. आप जानकारी का खुलासा करने की स्वीकृति रोककर अपने बच्चे के लिखित प्रमाण को तीसरे पक्ष को एक्सेस करने से रोक सकते हैं, सिवाय (क) 1974 के पारिवारिक शैक्षणिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम, 34 C.F.R. भाग 99 (FERPA) को लागू करने वाले संयुक्त विनियमों में वर्णित विशेष परिस्थिति(यों) में और (ख) जब IDEA के तहत किसी ज़रुरत को पूरा करने के प्रयोजनों से भाग लेने वाली संस्थाओं के अधिकारियों को प्रमाण जारी किए जाते हैं;
2. आप भाग लेने वाली संस्थाओं के अधिकारियों को आपके बच्चे की व्यक्तिगत रूप से पहचान देनेवाली

जानकारी जारी करने पर रोक सकते हैं, जो आपके बच्चे को परिवर्तन सेवाएँ प्रदान या उनका भुगतान करते हैं;

3. आप किसी भी निजी स्कूल को अपने बच्चे की व्यक्तिगत रूप से पहचान देनेवाली जानकारी को जारी करने पर रोक सकते हैं, जो आपके निवास के LEA में स्थित नहीं है;
4. आपको सूचना अधिसूचित होनी चाहिए और आप अपने बच्चे के रिकॉर्ड की जानकारी नष्ट होने से पहले प्रतियाँ प्राप्त कर सकते हैं;
5. आप ये जान सकते हैं कि जानकारी का खुलासा किसे किया गया है; एवं
6. आप अन्य संस्थाओं को दी गई सभी जानकारी की प्रतियों की समीक्षा कर उसे प्राप्त कर सकते हैं, जहाँ भी आपका बच्चा दाखिला लेना चाहता है या नामांकन के योग्य है।

**<u>आलेख:</u>**

FERPA में "शैक्षिक आलेख" की परिभाषा के तहत समाविष्ट किए गए विभिन्न आलेखों को "शिक्षा आलेख" कहा जाता है। ऐसे अधिनियम "शैक्षिक आलेख" को इस प्रकार

परिभाषित करते हैं:

शैक्षिक आलेखों का मतलब होता है कि ऐसे आलेख जो:

(1) सीधे छात्र से संबंधित हैं; एवं

(2) किसी शैक्षणिक संस्था या व्यवस्था द्वारा या संस्था या व्यवस्था के लिए काम करने वाले किसी शाख द्वारा अनुरक्षित किए गए हों।

इसकी परिभाषा में निम्न शामिल नहीं हैं:

(1) ऐसे आलेख जो केवल बनानेवाले के कब्जे में रखे जाते हैं, केवल एक व्यक्तिगत स्मृति सहायक के रूप में उपयोग किए जा सकते हैं, और आलेख बनानेवाले के एक अस्थायी विकल्प को छोड़कर किसी भी अन्य व्यक्ति को दिखाए या दर्शाए नहीं जा सकते हैं।

(2) किसी शैक्षणिक संस्था के कानून प्रवर्तन विभाग के आलेख जो § 99.8 के प्रावधानों के अधीन हैं।

(3) एक शैक्षणिक संस्था या व्यवस्था द्वारा नियोजित किसी व्यक्ति से संबंधित आलेख जो सामान्य व्यापारिक कार्यप्रणाली में बनाए और अनुरक्षित किए जाते हैं; एक कर्मचारी के रूप में उस व्यक्ति की क्षमता में उस व्यक्ति से विशेष रूप से संबंधित; और किसी अन्य आशय के उपयोग हेतु सुलभ नहीं हैं। हालाँकि, शैक्षणिक संस्था या

व्यवस्था में किसी व्यक्ति की उपस्थिति से संबंधित ऐसा आलेख, जो एक छात्र के रूप में उसकी स्थिति के परिणामस्वरूप कार्यरत है, वे शैक्षिक आलेख हैं।

(4) ऐसे छात्र के आलेख, जो 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र का है, या पोस्ट सेकेंडरी शिक्षा की संस्था में हिस्सेदार हो, जो एक चिकित्सक, मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, या अन्य मान्यता प्राप्त पेशेवर या अनुरूप पेशेवर कार्य में अपनी अनुभवी क्षमता से आया हो, कार्य कर रहा हो या प्रयुक्त हो; या केवल छात्र के उपचार के संबंध में बने, बनाए रखे या उपयोग किए जाते हों; और केवल उपचार प्रदान करने वाले व्यक्तियों को ही दिए गए हों। इस परिभाषा के प्रयोजनों के तहत, "उपचार" में प्रतिकारक शिक्षण गतिविधियों या उन गतिविधियों को शामिल नहीं किया गया है जो संस्था या व्यवस्था में शिक्षा के कार्यक्रम का एक हिस्सा हैं।

(5) शैक्षणिक संस्था या व्यवस्था द्वारा बनाए गए या प्राप्त किए गए उस व्यक्ति के आलेख जो हाजिरी में छात्र नहीं हैं और जो छात्र के रूप में व्यक्ति की हाजिरी से सीधे संबंधित नहीं हैं।

(6) शिक्षक द्वारा एकत्र और रिकॉर्ड किए जाने से पहले सहकर्मी-वर्गीकृत कागजात पर ग्रेड।

शैक्षिक आलेख से संबंधित, आपके पास निम्न अधिकार हैं:

1. आप बिना किसी अनावश्यक विलंब के और बिना किसी वैयक्तिक शिक्षा कार्यक्रम (IEP), या नियत प्रक्रिया की सुनवाई, या समाधान सत्र संबंधित किसी भो बैठक से पहले, और आपके अनुरोध के बाद 45 दिनों के भीतर अपने बच्चे से संबंधित सभी शिक्षा आलेख का निरीक्षण और समीक्षा कर सकते हैं।

2. आप अपने निरीक्षक द्वारा आलेखों की समीक्षा करवा सकते हैं;

3. आप सार्वजनिक संस्था से आलेख की प्रति प्रदान करने का आवेदन कर सकते हैं यदि उन प्रतियों को प्रदान करने में विफलता प्रभावी रूप से आपको आलेख के निरीक्षण और समीक्षा करने के अधिकार का उपयोग करने से प्रतिबंधित करती हैं;

4. सार्वजनिक संस्था ये मानें कि आपके पास अपने बच्चे के आलेखों का निरीक्षण और समीक्षा करने का अधिकार है सिवाय तब यदि संस्थाओं को सूचित कर दिया गया हो कि राज्य कानून के तहत आपको ये अधिकार प्राप्त नहीं है;

5. यदि शैक्षिक आलेख में एक से अधिक बच्चों की जानकारी शामिल है, तो आप केवल अपने बच्चे से संबंधित जानकारी

का निरीक्षण और समीक्षा कर सकते हैं;

6. सार्वजनिक संस्था आपके बच्चे की व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी के लिए एक्सेस प्राप्त करने वाली पार्टियों का रिकॉर्ड रखे, जिसमें IDEA के तहत एकत्रित, अनुरक्षित, या उपयोग किए गए शैक्षिक आलेख शामिल हैं, (माता-पिता और प्रतिभागी एजेंसी के अधिकृत कर्मचारियों द्वारा एक्सेस को छोड़कर) जिसमें शामिल हैं पार्टी का नाम, एक्सेस दिए जाने वाली तारीख, और जिस उद्देश्य के लिए पार्टी रिकॉर्ड का उपयोग करने के लिए अधिकृत है;

7. सार्वजनिक संस्था बिना किसी शुल्क के शैक्षिक आलेखों को खोज या पुनः प्राप्त कर सकती है;

8. आपसे केवल आलेखों की प्रतियों के लिए शुल्क लिया जाए यदि शुल्क प्रभावी रूप से आपको उन आलेखों का निरीक्षण और समीक्षा करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने से नहीं रोकता है;

9. आप एजेंसी द्वारा एकत्रित, अनुरक्षित या उपयोग किए जाने वाले आलेखों के सभी प्रकार एवं स्थानों के बारे में सूचित हों;

10. आप आलेख में किसी भी वस्तु पर स्पष्टीकरण और अनुवाद के लिए निवेदन कर सकते हैं;

11. यदि आलेख में कोई गलती हैं, भ्रामक है, या आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन किया गया है तो आप ऐसे आलेख में सुधार के लिए निवेदन कर सकते हैं;

12. एजेंसी यह निर्णय ले सकती है कि ऐसा करने के लिए कहे जाने के बाद उचित समय के भीतर जानकारी में सुधार किया जाना चाहिए या नहीं;

13. यदि संस्था अनुरोध किए गए सुधार करने से इनकार करती है, तो आलेख में सुधार करने और सुनवाई के अपने अधिकार के लिए मना करने पर आपको सूचित करे;

14. यदि संस्थाए सुनवाई में ये निर्णय लेती है कि जानकारी गलत है, भ्रामक है, या बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है, और रिकॉर्ड में सुधार करना है, तो लिखित में सूचित किया जाना चाहिए

15. यदि सुनवाई में तय किया जाता है कि जानकारी में सुधार की आवश्यकता नहीं है, तो आप जानकारी पर टिप्पणी करने या संस्था के फैसले से असहमत होने के कारणों को दर्ज करने के अपने आलेख के बारे में अपने अधिकार से अवगत रहें; तथा

16. जब तक विवादी में आलेख बरक़रार रहता है, तब तक आप

अपने स्पष्टीकरण को रिकॉर्ड में बना कर रख सकते हैं, और विवादित आलेख के अनावृत होने पर अनावृत कर सकते हैं।

**<u>निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन:</u>**

"निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन" का मतलब होता है, एक ऐसे निपुण परीक्षक द्वारा किया गया मूल्यांकन जो आपके बच्चे की शिक्षा के लिए ज़िम्मेदार पाठशाला जिले द्वारा नियोजित नहीं है। "सार्वजनिक व्यय" का मतलब है कि स्कूल प्रणाली या तो मूल्यांकन की पूरी लागत के लिए भुगतान करती है या यह सुनिश्चित करती है कि मूल्यांकन आपको अन्य रूप में बिना किसी शुल्क पर प्रदान किया जाता है, IDEA के प्रावधानों के अनुरूप, जो प्रत्येक राज्य को राज्य के स्थानीय, संघीय और निजी स्रोतों का उपयोग करने की अनुमति देता है जो आवश्यकताओं [34 C.F.R. § 300.502(a)(3)(i - ii)] को पूरा करने के लिए राज्य में उपलब्ध हैं।

हर बार आपकी स्कूल प्रणाली आपके बच्चे का मूल्यांकन करती है जिससे आप असहमत होते हैं, तो आप <u>सार्वजनिक खर्च</u> पर अपने बच्चे के केवल एक निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन के हकदार होते हैं।

यदि आप <u>सार्वजनिक व्यय</u> पर अपने बच्चे का निष्पक्ष

शैक्षणिक मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, तो आपकी स्कूल प्रणाली अनावश्यक देरी के बिना या तो:

(a) सुनवाई के लिए उचित शिकायत दर्ज करे ताकि यह पता चल सके कि उसके द्वारा किया गया आपके बच्चे का मूल्यांकन उचित है; या (b) सार्वजनिक व्यय पर निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन प्रदान करे, जब तक कि स्कूल प्रणाली किसी नियत प्रक्रिया में यह प्रदर्शित नहीं करती है कि आपके बच्चे का प्राप्त मूल्यांकन स्कूल प्रणाली के मानदंडों के अनुसार नहीं है।

यदि आपकी स्कूल प्रणाली सुनवाई का अनुरोध करती है और प्रशासनिक कानूनी न्यायाधीश (ALJ) / सुनवाई अधिकारी का अंतिम निर्णय यह दर्शाता हैं कि आपके बच्चे के लिए किया गया स्कुल प्रणाली का मूल्यांकन उचित है, तब भी आपको निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक व्यय पर नहीं।

यदि आप अपने बच्चे के निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन का अनुरोध करते हैं, तो स्कूल प्रणाली यह पूछ सकती है कि आपको अपने स्कूल प्रणाली द्वारा प्राप्त बच्चे के मूल्यांकन पर आपत्ति क्यों है। हालाँकि, आपकी स्कूल प्रणाली को स्पष्टीकरण की जरुरत नहीं है और अनुचित रूप से देरी नहीं कर सकती है, ऐसे में वो या तो सार्वजनिक व्यय पर आपके बच्चे का निष्पक्ष शैक्षणिक

मूल्यांकन प्रदान करे या बच्चे की स्कूल प्रणाली के मूल्यांकन के प्रतिरक्षा के एवज में नियत प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने के लिए उचित तरीके से शिकायत दर्ज करे।

निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकनों के संबंध में, आपके निम्न अधिकार हैं:

1. किसी निपुण परीक्षक द्‌वारा एक निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन प्राप्त करना;

2. निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन करें, जो सार्वजनिक या निजी खर्च पर प्राप्त किया गया हो और स्कूल प्रणाली के मानदंडों को समाविष्ट करता हो, (a) जो उन बैठकों में विचार किया गया है जो आपके बच्चे के लिए नि:शुल्क उचित सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) के संबंध में नियोजन या कार्यक्रम-संबंधी निर्णय किए गए हों, और (b) नियत प्रक्रिया सुनवाई में सबूत के रूप में इस्तेमाल किए गए हों;

3. आपके बच्चे की स्कूल प्रणाली द्‌वारा बताया जाए कि बिना किसी खर्च या कम खर्च के निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन प्राप्त किया जा सकता है, और इस तरह के मूल्यांकन के लिए स्कूल प्रणाली के उपयुक्त मानदंड हैं;

4. सार्वजनिक व्यय पर निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन उसी मापदंड के तहत होना चाहिए जिसका उपयोग सार्वजनिक संस्था द्वारा किया जाता है, जिसके तहत मूल्यांकन प्राप्त किया जाता है, मूल्यांकन के स्थान और परीक्षक की योग्यता सहित, यदि आप एजेंसी के मूल्यांकन से असहमत हैं, इसके विपरीत, सार्वजनिक संस्था को सुनवाई शुरू करने का अधिकार है और FAPE को यह दर्शाने के लिए कि उसका मूल्यांकन उचित है; तथा

5. सार्वजनिक व्यय पर निष्पक्ष शैक्षणिक मूल्यांकन का अधिकार जब सुनवाई के दौरान ALJ/सुनवाई अधिकारी द्वारा मूल्यांकन के लिए अनुरोध किया जाता है।

**<u>सूचना:</u>**

"सूचना" का मतलब है अभिभावकों को प्रस्तावित मूल्यांकन, बैठकों के बारे में लिखित जानकारी देना, और/या कार्यक्रम में परिवर्तन या योग्यता या IDEA के तहत विकलांग बच्चों को पहचान के लिए कोई अन्य जानकारी, मूल्यांकन और सेवाएँ प्रदान करना। लिखित सूचना आपको जानकारी देने के लिए प्रदान की जाती है और परिवर्तन करने से पहले प्रतिक्रिया देने का अवसर दिया जाता हैं।

सूचना के संबंध में, आपके निम्न अधिकार हैं:

1. इससे पहले कि स्कूल प्रणाली आपके बच्चे के लिए FAPE की पहचान, मूल्यांकन, नियोजन, या प्रावधान को शुरू करे या बदले, आपको सूचित करे और आप सभी बैठकों में उपस्थित रह सकते हैं;

2. उस नोटिस को आप अपनी मूल भाषा में लिखित रूप में, या संचार के अन्य प्रमुख मोड में प्राप्त कर सकते हैं, जिसे आम जनता आसानी से समझ सके;

3. आप सूचना का अनुवाद मौखिक रूप से या अन्य तरीके से अपनी मूल भाषा में या संवाद के अन्य तरीको में प्राप्त कर सकते हैं, यदि आपकी मूल भाषा या संवाद का अन्य माध्यम लिखित भाषा नहीं है;

4. आप सूचना में प्रस्तावित कार्रवाई का वर्णन, यह बताते हुए कि यह प्रस्तावित क्यों है, स्कूल प्रणाली द्वारा विचार किए गए विकल्पों का वर्णन, और बताते हुए कि क्यों बाकी अन्य विकल्पों को अस्वीकार कर दिया गया था, प्राप्त कर सकते हैं;

5. प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, परीक्षण, मूल्यांकन, रिकॉर्ड, या स्कूल प्रणाली ने किसी भी प्रणाली-प्रस्तावित

कार्रवाई या इनकार के लिए आधार के रूप में उपयोग किया है तो आपको सूचित करे;

6. आप किसी भी अन्य कारकों का विवरण प्राप्त कर सकते हैं जो संस्था की प्रस्तावित कार्रवाई या इनकार के आधार के लिए प्रासंगिक है;

7. आप ऐसी नोटिस प्राप्त कर सकते हैं जिसमें आपके लिए उपलब्ध सभी प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की पूरी व्याख्या शामिल है;

8. IDEA के प्रावधानों को समझने में सहायता प्राप्त करने के लिए संपर्क किए जाने वाले स्त्रोतों के बारे में आप जानकारी प्राप्त कर सकते हैं;

9. यदि स्कूल प्रणाली आपके बच्चे तक या आपके सार्वजनिक लाभ या पहली बार बीमा करवाना चाहती है, और अभिभावक की एक-बारी सहमति प्राप्त करने से पहले और उसके बाद सालाना; तो आपको सूचित करे।

10. संस्था द्वारा आपके बच्चे की FAPE की पहचान के लिए, मूल्यांकन, नियोजन, या प्रावधान को शुरू करने या बदलने से इनकार करने या बदलने से

पहले, आप ऊपर दिए गए अंश 2 से 8 में पूर्व लिखित सूचना प्राप्त कर सकते हैं जिसमें सभी जानकारी शामिल है

11. आप सभी IEP टीम की बैठकों में उपस्थित हो सकते हैं,
इन अधिकारों के साथ (a) पारस्परिक सहमत समय और स्थान पर बैठक करे, (b) यह सूचित किया जाए कि उपस्थिति किसकी रहेगी, और
(c) अपने साथ किसी ऐसे को लाएँ जिसको आपके बच्चे की विकलांगता के बारे में ज्ञान या दक्षता हो; तथा

12. आप ईमेल द्वारा सभी सूचना प्राप्त करना चुन सकते हैं यदि आपके स्कूल सिस्टम में उपलब्ध हो। इनमें पूर्व लिखित सूचना, प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय (माता-पिता के अधिकार) सूचना, और नियत प्रक्रिया शिकायतों से संबंधित सूचनाएँ शामिल हैं।

**सहमति:**

"सहमति" का मतलब है:

1. आपको अपनी मूल भाषा या अन्य मोड के संचार (जैसे सांकेतिक भाषा, उत्कीर्ण लेख या मौखिक

संचार) के बारे में पूरी जानकारी से अवगत कराया गया है, जिसके लिए आप सहमति दे रहे हैं;

2. उस वर्णित कार्रवाई के लिए, आप लिखित रूप में समझते हैं और सहमत हैं और सहमति उस कार्रवाई का वर्णन करती है और जारी किए जाने वाले आलेखों (यदि कोई हो) को सूचीबद्ध करती है और जिसे किया जाने है उसे; **<u>तथा</u>**

3. आप समझते हैं कि आपकी ओर से स्वैच्छिक सहमति है और आप किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं। आपकी सहमति को वापस लेने से आपके द्वारा अपनी सहमति देने के बाद और आपके द्वारा इसे वापस लेने से पहले हुई कार्रवाई को नकारा (पूर्ववत) नहीं जा सकता।

सहमति के संबंध में, आपके पास निम्न अधिकार हैं:

1. आप अपने बच्चे के *<u>प्रारंभिक</u>* मूल्यांकन से पहले सहमति दे सकते हैं, ये निर्धारित करने के लिए कि आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं को प्राप्त करने के लिए IDEA के तहत पात्र है या नहीं। प्रस्तावित कार्रवाई के लिए आपको स्कूल प्रणाली द्वारा पूर्व लिखित सूचना भी प्राप्त होनी चाहिए।

a. यदि आप सहमति प्रदान करने से इनकार करते हैं या सहमति के लिए अनुरोध का जवाब देने में विफल रहते हैं, स्कूल प्रणाली, उस मूल्यांकन को प्राप्त करने के लिए मध्यस्थता या नियत सुनवाई विकास प्रक्रियाओं का उपयोग करके प्रारंभिक मूल्यांकन प्राप्त कर सकती हैं, लेकिन आवश्यक नहीं।

b. प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति, IDEA के तहत सेवाएँ प्रदान करने की सहमति नहीं है।

c. सार्वजनिक संस्था बच्चों के प्रति अपने दायित्वों का उल्लंघन नहीं करती है, यदि वो आपकी असहमति पर मूल्यांकन नहीं करती।

2. आप पुनर्मूल्यांकन संचालित होने से पहले सहमति दे सकते हैं। आप ऐसा कर सकते हैं जब तक कि आपकी स्कूल प्रणाली यह प्रदर्शित नहीं करती कि: (1) आपके बच्चे के पुनर्मूल्यांकन हेतु आपकी सहमति प्राप्त करने के लिए तर्कसंगत कदम उठाने पड़े, **और** (2) आपने कोई जवाब नहीं दिया।

a. यदि आप अपने बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इनकार करते हैं, स्कूल प्रणाली, आपके बच्चे के पुनर्मूल्यांकन की सहमति से इंकार करने के लिए मध्यस्थता या नियत प्रक्रिया सुनवाई प्रक्रियाओं का उपयोग करके आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन कर सकती है, लेकिन आवश्यक नहीं है।

b. जहाँ तक प्रारंभिक मूल्यांकन का सवाल है, आपकी स्कूल प्रणाली IDEA के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन नहीं करेगी, यदि वो इस तरह के पुनर्मूल्यांकन को आगे बढ़ाने से इनकार करती है।

3. यदि आप एक ऐसे बच्चे के माता-पिता हैं जो गृह स्कूल में है या निजी स्कूल में माता-पिता के खर्च पर रखा गया है और आप अपने बच्चे के प्रारंभिक मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति प्रदान नहीं करते हैं, या आप ऐसी सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब देने में विफल रहते हैं, तो आप सहमति प्राप्त करने के लिए मध्यस्थता की प्रक्रियाओं या नियत सुनवाई प्रक्रिया के अधीन नहीं होंगे।

a. सार्वजनिक संस्थाओं को बच्चों को सेवाओं के लिए योग्य मानने की आवश्यकता नहीं है।

4. आप विशेष शिक्षा में प्रारंभिक नियुक्ति करने से पहले सहमति दे सकते हैं। स्कूल प्रणाली को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के लिए माता-पिता से सूचित सहमति प्राप्त करने के लिए उचित प्रयास करने चाहिए।

   a. यदि अभिभावक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के लिए सहमति देने या प्रतिक्रिया देने में विफल रहता है, तो स्कूल प्रणाली उस सहमति को प्राप्त करने के लिए मध्यस्थता या नियत सुनवाई कार्यप्रणाली का उपयोग नहीं कर सकती है।

   b. यदि आप सहमति नहीं देते हैं, तो स्कूल प्रणाली बच्चे के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों का उल्लंघन नहीं करेगी और ना ही FAPE उपलब्ध कराने के अपने दायित्व का उल्लंघन करेगी।

   c. स्कूल प्रणाली द्वारा ऐसे बच्चे के लिए IEP टीम की बैठक बुलाने या IEP विकसित

करने के लिए की आवश्यकता नहीं है, जिसे विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए सहमति प्रदान नहीं की गई है।

5. स्कूल प्रणाली द्वारा आपके बच्चे के या आपके सार्वजनिक लाभों या बीमा को पहली बार एक्सेस करने से पहले आप एक-मुश्त लिखित सहमति प्रदान कर सकते हैं। स्कूल प्रणाली द्वारा आपके बच्चे के या आपके सार्वजनिक लाभ या बीमा का पहली बार और उसके बाद हर साल मूल्यांकन करने से पहले आपको लिखित सूचना का अधिकार भी है। आप किसी भी समय सहमति रद्द कर सकते हैं। यदि सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के लिए सहमति के बाद किसी भी समय, आप अपने बच्चे की विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाओं के निरंतर प्रावधान के लिए *लिखित में* देकर सहमति रद्द करते हैं, तो स्कूल प्रणाली निम्न कर सकती है:

   a. आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएँ प्रदान करना जारी नहीं रखने का निर्णय ले सकती है, लेकिन सेवाओं के प्रावधान को रोकने से पहले, पूर्व लिखित सूचना प्रदान करना लाज़िमी होगा;

b. सहमति प्राप्त करने के लिए मध्यस्थता या नियत सुनवाई कार्यप्रणाली का उपयोग नहीं कर सकती;

c. यदि आप सहमति वापस लेते हैं, तो स्कूल प्रणाली के द्वारा FAPE के प्रावधान का उल्लंघन नहीं होगा;

d. IEP टीम की बैठक बुलाने या सेवाओं के आगे के प्रावधान के लिए कोई IEP विकसित करने की आवश्यकता नहीं होगी; तथा

e. स्कूल प्रणाली के द्वारा आपके बच्चे की विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की प्राप्ति से संबंधित किसी भी संदर्भ को हटाने के लिए बच्चे के शिक्षा आलेख में सुधार की आवश्यकता नहीं होगी।

ध्यान दें: मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के हिस्से के रूप में मौजूदा डेटा की समीक्षा करने से पहले या सभी बच्चों को दिए जाने वाले टेस्ट देने से पहले सहमति की ज़रुरत नहीं है, जब तक कि सभी बच्चों के लिए सहमति की आवश्यकता न हो,

## विवाद समाधान:

IDEA नियमों ने राज्य की शिकायतों के लिए और शिकायत के लिए उचित कार्यप्रणाली और सुनवाई के लिए अलग-अलग प्रक्रियाएँ तय की हैं। हालाँकि विस्तृत विवरण और सभी विवाद समाधान का वर्णन विवरण राज्य बोर्ड के नियम 160-4-7-.12 में निहित है, दोनों शिकायत प्रक्रियाओं को नीचे समझाया गया है:

### राज्य शिकायत कार्यप्रणाली

किसी स्कूल प्रणाली, राज्य की शैक्षणिक संस्था (SEA), या किसी अन्य सार्वजनिक संस्था द्वारा किसी भी IDEA की आवश्यकता का उल्लंघन करने का आरोप लगाकर कोई भी व्यक्ति या संगठन औपचारिक लिखित राज्य शिकायत (राज्य शिकायत) दर्ज कर सकता है। SEA द्वारा 60-कैलेंडर-दिवस की समयावधि में राज्य शिकायत का समाधान किया जाना चाहिए, सिवाय इसके कि समयरेखा उचित रूप से बढ़ाई न गई हो।

राज्य शिकायत: शिकायत एक हस्ताक्षरित, लिखित शिकायत होनी चाहिए, जो IDEA के कथित उल्लंघन को दर्शाती है। शिकायत में ये बयान कि स्थानीय प्रणाली ने IDEA की आवश्यकताओं का उल्लंघन किया है और वे तथ्य, जिन पर बयान आधारित है, शामिल होने चाहिए। शिकायत में ऐसे

उल्लंघन का आरोप होना चाहिए जो शिकायत प्राप्त होने की तारीख से **<u>एक(1)</u>** साल पहले के अंदर हुआ हो।

1. जब भी राज्य शिकायत दर्ज की जाती है, तो मध्यस्थता का अधिकार होता है, लेकिन दोनों पक्ष की सहमति जरुरी हैं।

2. जॉर्जिया शिक्षा विभाग (GaDOE) या इसके ठेकेदारों द्वारा राज्य की शिकायतों की जाँच की जाती है। शिकायत करने वाली पार्टी और शामिल सार्वजनिक संस्थाएँ दोनों के पास जांच के दौरान GaDOE को जानकारी प्रदान करने का अवसर होता है।

3. राज्य शिकायतों का निर्णय GaDOE द्वारा 60 कैलेंडर दिवसों के भीतर जारी किया जाता है, सिवाय इसके कि वो किसी लघुकारक की वजह से बढ़ाया न गया हो।

4. राज्य शिकायतों के फैसलों पर अपील नहीं की जा सकती।

## नियत कार्यप्रणाली शिकायत प्रक्रिया

केवल पालक, विकलांगता से पीड़ित एक बच्चा, जो बहुमत की उम्र तक पहुँच गया है, या स्कूल प्रणाली किसी विकलांग बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षिक नियुक्ति को शुरू करने या बदलने से इनकार करने, या बच्चे के FAPE के

प्रावधान से संबंधित किसी भी मामले पर उचित कार्यप्रणाली शिकायत दर्ज कर सकते हैं। एक उचित प्रक्रिया की शिकायत के लिए, एक निष्पक्ष नियत प्रक्रिया सुनवाई अधिकारी को शिकायत की सुनवाई करनी चाहिए (यदि समाधान बैठक या मध्यस्थता के माध्यम से हल नहीं होता है) और संकल्प अवधि समाप्त होने के बाद 45-कैलेंडर-दिवसों के भीतर लिखित निर्णय जारी करना चाहिए, जैसा कि इस दस्तावेज़ में "समाधान प्रक्रिया" शीर्षक वाले अनुभाग में वर्णित है, जब तक कि सुनवाई अधिकारी आपके या स्कूल प्रणाली के अनुरोध पर समय-सीमा का एक विशिष्ट विस्तार नहीं प्रदान करता है।

<u>नियत शिकायत प्रक्रिया:</u> शिकायत में एक कथित उल्लंघन का आरोप होना चाहिए, जो शिकायत करने वाले पक्ष को पता होने या शिकायत के लिए आधार बनने वाली कथित कार्रवाई के बारे में पता होने की तारीख से **<u>दो (2)</u>** साल के अंदर हुआ हो। एक नियत प्रक्रिया शिकायत मामले को हल करने के लिए होने वाली सुनवाई हेतु अनुरोध है। दो साल की समय सीमा लागू नहीं होती है यदि शिकायत करने वाला पक्ष समयावधि के भीतर एक उचित शिकायत प्रक्रिया दर्ज नहीं कर पाता क्योंकि: (1) स्कूल प्रणाली ने विशेष रूप से गलत तरीके से प्रस्तुत किया हो कि उन्होंने शिकायत में दर्ज किए गए मुद्दों को हल कर लिया था; या (2) स्कूल प्रणाली ने शिकायत करने वाली पार्टी की जानकारी को रोक

दिया था क्योंकि उसे IDEA के भाग B के तहत शिकायत करने वाली पार्टी को प्रदान करना आवश्यक था।

1. **नियत शिकायत प्रक्रिया सूचना दर्ज करने की ज़िम्मेदारी।** एक पालक या स्कूल जिसने IDEA के तहत नियत प्रक्रिया उल्लंघन का आरोप लगाया हो, या उनके वकील द्वारा, अन्य पक्ष (या उनके वकील) <u>और</u> GaDOE को नियत शिकायत प्रक्रिया सूचना प्रदान करना आवश्यक है। सूचना में बच्चे का नाम और घर का पता; बच्चे के स्कुल का नाम; बेघर बच्चे या युवा के मामले में, बच्चे की संपर्क जानकारी और बच्चे के स्कूल का नाम; समस्या की प्रकृति का वर्णन और एक समाधान प्रस्ताव शामिल होना चाहिए। नियत शिकायत प्रक्रिया को पेश करने वाले पक्ष को निश्चित प्रक्रिया की सुनवाई होने से पहले यह सूचना दर्ज करनी होगी।

2. **समस्या के प्रकार के बारे में पर्याप्त सूचना प्रदान करने की जिम्मेदारी जिसके लिए आप नियत शिकायत प्रक्रिया दर्ज कर रहे हैं।** यदि स्कूल प्रणाली को लगता है कि पालक की नियत शिकायत प्रक्रिया सूचना अपर्याप्त है, तो प्रणाली को शिकायत प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर सुनवाई अधिकारी को लिखित रूप में सूचित करना होगा।

a. ALJ / सुनवाई अधिकारियों के पास ये निर्धारित करने के लिए 5 दिन तक का समय होता है कि क्या नोटिस IDEA की आवश्यकताओं को पूरा कर रही है। निर्णय लेने पर, ALJ / सुनवाई अधिकारी को निर्णय के लिखित रूप में सभी पक्षों को तुरंत सूचित करना चाहिए। यदि ALJ / सुनवाई अधिकारी निर्धारित करता है कि शिकायत पर्याप्त है, तो स्कूल को नियत शिकायत प्रक्रिया का जवाब देना होगा। यदि ALJ / सुनवाई अधिकारी निर्णय लेता है कि शिकायत पर्याप्त नहीं है, तो पालक के पास नई शिकायत दर्ज करने का अवसर और समय-सीमाएँ फ़िर से शुरू हो जाती हैं।

3. **नियत शिकायत प्रक्रिया विषय के संबंध में पूर्व लिखित सूचना।** जब स्कूल प्रणाली को नियत शिकायत प्रक्रिया सूचना प्राप्त होती है, तो उससे पहले यह निर्धारित होना चाहिए कि क्या इस नियत शिकायत प्रक्रिया के विषय के संबंध में पूर्व लिखित सूचना दी गई है। यदि ऐसा नहीं किया गया है, तो स्कूल प्रणाली को पालक को नियत शिकायत प्रक्रिया सूचना प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर जवाब देना होगा। पूर्व लिखित सूचना में निम्न शामिल होने चाहिए:

a. स्पष्टीकरण होना चाहिए कि क्यों संस्था ने प्रस्तावित नियत शिकायत प्रक्रिया की कार्यवाही की या उसे अस्वीकार किया;

b. IEP टीम ने जिन पर गौर किया है, उन विकल्पों का विवरण और उन विकल्पों को खारिज करने की वजह;

c. प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, आंकलन, आलेख, या प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के आधार के रूप में उपयोग की जाने वाली संस्था का विवरण; तथा

d. स्कूल प्रणाली के प्रस्ताव या इनकार के प्रासंगिक कारकों का विवरण।

4. **संकल्प सत्र।** शिकायत दर्ज होने के 15 दिनों के भीतर, व्यवस्था को IEP टीम के पालक और संबंधित सदस्यों के बीच समाधान सत्र बुलाना चाहिए। समाधान सत्र पालक और स्कूल प्रणालियों के लिए नियत शिकायत प्रक्रिया में किसी भी मुद्दे को हल करने का अवसर प्रदान करता है जिससे पालक और प्रणालि एक नियत सुनवाई प्रक्रिया से बच सकें और बच्चे को तत्काल लाभ प्रदान कर सकें। जब तक दोनों पक्ष मध्यस्थता प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए सहमत नहीं हो जाते या

समाधान सत्र और मध्यस्थता को खारिज करने के लिए लिखित रूप में सहमत नहीं होते, तब तक समाधान सत्र एक उचित प्रक्रिया की सुनवाई आगे बढ़ने से पहले <u>होना चाहिए</u>।

a. सत्र में स्कूल प्रणाली का एक प्रतिनिधि शामिल होना चाहिए, जिसके पास स्कूल प्रणाली की ओर से निर्णय लेने का अधिकार हो।

b. सत्र में व्यवस्था के लिए एक वकील शामिल नहीं हो सकता है जब तक कि पालक भी वकील के साथ न हों।

c. सत्र उचित प्रक्रिया शिकायत दर्ज करने वाले पक्ष को शिकायत और उसके आधार बनाने वाले तथ्यों पर चर्चा करने का और प्रतिवादी पक्ष को शिकायत को हल करने का अवसर प्रदान करता है।

d. यदि पक्ष किसी समझौते पर पहुंच जाते हैं, उन्हें कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते को निष्पादित करना होगा जो पालक और स्कूल व्यवस्था प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित हो।

e. यह समझौता सक्षम न्यायालय के किसी भी राज्य न्यायालय या अमेरिकी जिला अदालत में लागू करने योग्य है। कोई भी पक्ष समझौते को उसके निष्पादन के तीन (3) दिनों तक रद्द कर सकता है।

f. यदि इस समाधान सत्र के माध्यम से अपेक्षित नियत शिकायत प्रक्रिया प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर पालक की संतुष्टि अनुसार हल नहीं होती है, तो पक्ष नियत सुनवाई प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

5. **निष्पक्ष नियत सुनवाई प्रक्रिया।** जब भी कोई नियत शिकायत प्रक्रिया दर्ज की जाती है, पक्षों को GaDOE या GaDOE के अनुबंधित निष्पक्ष एजेंट द्वारा आयोजित निष्पक्ष सुनवाई प्रक्रिया का अधिकार है। सुनवाई दोनों पक्षों के लिए निशुल्क रहेगी। हालांकि, प्रत्येक पक्ष कानूनी सलाहकार या विशेषज्ञ गवाहों को काम पर रखने से जुड़ी उसकी, उसकी या उसकी लागतों के लिए जिम्मेदार है, जब तक कि कोई अदालत प्रचलित पक्ष को ऐसी लागतों की वसूली नहीं करने देती।

नियत सुनवाई प्रक्रिया के संबंध में, आपके पास निम्न अधिकार हैं:

1. आप सुनवाई की अध्यक्षता ALJ/सुनवाई अधिकारी द्वारा करवा सकते हैं, जो आपके बच्चे की शिक्षा में शामिल सार्वजनिक संस्था द्वारा नियोजित नहीं है या अन्य व्यक्तिगत रूप से या पेशेवर रूप से सुनवाई में रुचि रखता हो (ALJ/सुनवाई अधिकारी केवल संस्था का कर्मचारी नहीं है क्योंकि उसे संस्था द्वारा ALJ/सुनवाई अधिकारी के रूप में सेवा देने के लिए भुगतान किया जाता है)।

2. आप ALI/सुनवाई अधिकारियों के रूप में सेवा करने वाले व्यक्तियों की सूची, उन प्रत्येक व्यक्तियों की योग्यता का बयान भी शामिल करते हुए, प्राप्त कर सकते हैं।

3. आप सुनवाई के दौरान विकलांग बच्चों की समस्याओं के संबंध में कानूनी सलाहकार और विशेष ज्ञान या प्रशिक्षण देने वाले व्यक्तियों के साथ रह सकते हैं और सलाह ले सकते हैं।

4. जब आप जानकारी का अनुरोध करते हैं, तो स्थानीय प्रणाली द्वारा उपलब्ध किसी भी मुफ्त या कम लागत वाली कानूनी और अन्य प्रासंगिक

